केन्द्रीय सूचना आयोग
बाबा गंगनाथ मार्ग, मुनिरका
नई दिल्ली - 110067.

******

प्रथम अपील सं. CICOM/A/2019/60201 दिनांक:03.12.2019

संदर्भ संचिका सं. CICOM/R/2019/50790

अपीलकर्ता : श्री मुकेश तलवार,
मकान नं. ए-75, जैन पार्क,
मटियाला, उत्तम नगर,
दिल्ली - 110059.

निर्णय की तारीख: 03.12.2019

| | |
|---|---|
| ऑनलाइन आर.टी.आई. आवेदन की तिथि | 24.09.2019 |
| आर.टी.आई. के तहत सूचना प्रदान करने की तिथि | 15.10.2019 |
| प्रतिउत्तर देने वाले जन सूचना अधिकारी का नाम | श्री सी. विनोद बाबू |
| ऑनलाइन प्रथम अपील दाखिल करने की तिथि | 19.10.2019 |

1. अपीलकर्ता द्वारा दिनांक 24.09.2019 के ऑनलाइन आर.टी.आई. आवेदन के माध्यम से केन्द्रीय सूचना आयोग के Facilitation Desk पर कार्यरत कर्मचारियों की नियुक्ति से संबंधित चार बिंदुओं पर सूचनाएं मांगी गई थी, जिसके प्रतिउत्तर में श्री सी. विनोद बाबू, केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी द्वारा प्रदान की गई सूचना के विरुद्ध प्रथम अपील दाखिल की गई है ।

2. संबंधित संचिका आर.टी.आई. आवेदन, प्रदान की गई सूचना तथा प्रथम अपील आवेदन का अवलोकन करने पर पाया गया कि अपीलकर्ता के दिनांक 24.09.2019 के ऑनलाइन आर.टी.आई. आवेदन के संदर्भ में श्री सी. विनोद बाबू, केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी द्वारा दिनांक 15.10.2019 को सूचना प्रदान की गई । श्री सी. विनोद बाबू द्वारा आर.टी.आई. आवेदन के बिंदु सं. 2, 3 एवं 4 के तहत प्रदान की गई सूचना से अधोहस्ताक्षरी पूर्णत: सहमत हैं, परन्तु बिंदु सं. 1 के तहत प्रदान की गई सूचना संतोषजनक नहीं है । तद्नुसार श्री सी. विनोद बाबू, केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी को निर्देश दिया जाता है कि इस आदेश की प्राप्ति के पंद्रह दिनों के अंदर आर.टी.आई. आवेदन के बिंदु सं. 1 का ठीक से अवलोकन कर अपीलकर्ता को आयोग में उपलब्ध स्पष्ट वांछित सूचना प्रदान की जाए ।

3. तद्नुसार अपील निस्तारित की जाती है ।

4. प्रस्तुत संदर्भ में अपीलकर्ता यदि इस आदेश/निर्णय से संतुष्ट न हों तो अधिनियम की धारा 19(3) के अंतर्गत द्वितीय अपील इस आदेश की प्राप्ति के 90 दिनों के अंदर केन्द्रीय सूचना आयोग, बाबा गंग नाथ मार्ग, मुनिरका, नई दिल्ली - 110067 में की जा सकती है ।

शान्ति प्रिय बेक

(शान्ति प्रिय बेक)
अपर सचिव एवं
प्रथम अपीलीय अधिकारी
दूरभाष - 011-26162290

प्रतिलिपि : 04/12/19

1. केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी, आर.टी.आई. प्रकोष्ठ, केन्द्रीय सूचना आयोग, नई दिल्ली ।
2. श्री सी. विनोद बाबू, केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी (Admin), केन्द्रीय सूचना आयोग, नई दिल्ली ।

04/12/19

C.I.C./के० सू० आ०
RECEIVED
04 DEC 2019
D. No.........
Initials.........